# अशुद्धि शोधन

वाक्य रचना करते समय अनेक कारणों से अशुद्धियाँ होती हैं। शुद्ध वाक्य रचना करने के लिए पदक्रम व अन्विति के नियम जानना आवश्यक है।

I. पद क्रम संबंधी नियम :- वाक्य में प्रयुक्त होने वाले विभिन्न पदों (जैसे कर्ता, कर्ता का विस्तार, कर्म, करण, अपादान, क्रिया आदि) का एक निश्चित क्रम होता है। जब यह क्रम टूटता है, तब पदक्रम की अशुद्धियाँ उत्पन्न होती हैं।

शुद्ध वाक्य रचना के लिए कुछ नियम जानना आवश्यक हैं :-

1. कर्ता हमेशा वाक्य के शुरू में आता है तथा क्रिया वाक्य के अंत में आती है।

   अ) अकबर भारत के महान शासक थे।

   ब) मोहन गाना गा रहा है।

   अकबर, मोहन - कर्ता

   थे, गा रहा है - क्रिया है।

2. संबोधन व भावबोधक पद कर्ता से पहले आते हैं।

   अरे मोहन! तुम आ गए।

   आह! चाँद कितना सुंदर है।

   अरे मोहन! - संबोधन है, आह! भावबोधक पद है।

3. कर्म तथा अन्य पद कर्ता और क्रिया के मध्य आते हैं।

   1) राधा माला जप रही है।

   ब) मेरा भाई उदयपुर से डॉक्टरी कर रहा है।

4. संबंध कारक अपने संबंधित पद से पहले आता है।

   अ) मोहन का बेटा आज दिल्ली में है।

5. कर्ता का विस्तार कर्ता से पहले आता है।

अ) दशरथ पुत्र राम ने रावण को मारा।

राम - कर्ता, दशरथ पुत्र - कर्ता का विस्तार

6. प्रश्नवाचक पद प्रश्न के विषय से ठीक पहले आता है।

अ) राधा नृत्य कब करेगी?

7. न या नहीं नकारात्मक अर्थ में आने पर क्रिया से पहले आता है।

अ) मैं काम नहीं करूँगा।

ब) सुरेश स्कूल नहीं जाएगा।

8. आग्रहात्मक न का प्रयोग क्रिया के बाद होता है।

अ) आप कल फिर आओगे न।

ब) तुम आज स्कूल जाओगे न।

9. वाक्य में पदों का एक निश्चित क्रम होता है। जब यह क्रम टूटता है, तब वाक्य पढ़कर हँसी आती है।

अ) मैं गर्म भैंस का दूध पीता हूँ।

ब) बच्चे को काट कर सेब खिलाओ।

"गर्म" दूध की विशेषता है, इसलिए गर्म दूध से पहले आना चाहिए।

अ) मैं भैंस का गर्म दूध पीता हूँ।

"काट कर" क्रिया है, इसलिए क्रिया के स्थान पर आना चाहिए।

ब) बच्चे को सेब काट कर खिलाओ।

VASUNDHARAHINDI.COM

II. अन्विति के नियम :- अन्विति का अर्थ होता है - अनुरूप। वाक्य में क्रिया वाक्य में आने वाले लिंग, वचन, काल, पुरुष आदि के अनुरूप होती है।

अन्विति संबंधी कुछ नियम इस प्रकार हैं :-

1. जिस वाक्य में कर्ता विभक्ति रहित हो, वह क्रिया कर्ता के अनुरूप होती है।

   जैसे - मोहन रोटी खाता है।

   मोहन - कर्ता, पुल्लिंग। खाता है - क्रिया भी पुल्लिंग।

   कविता रोटी खाती है।

   कविता - कर्ता, स्त्रीलिंग। खाती है - क्रिया भी स्त्रीलिंग।

2. जब वाक्य में कर्ता के बाद विभक्ति "ने" लगी हो, वहाँ क्रिया कर्म के अनुसार होती है।

   मोहिनी ने पराँठा बनाया।

   पराँठा - कर्म, पुल्लिंग। बनाया - क्रिया भी पुल्लिंग।

3. जब कर्ता व कर्म विभक्ति सहित होते हैं, तब क्रिया पुल्लिंग में होती है।

   अध्यापक ने छात्र को डाँटा।

   डाँटा - क्रिया, पुल्लिंग में है।

4. समान लिंग के विभक्ति रहित कर्ता की क्रिया उसी लिंग के बहुवचन में होती है।

   सीता, गीता और स्मिता खाना खा रही हैं।

   सीता, गीता, स्मिता - स्त्रीलिंग, क्रिया - खा रही हैं --स्त्रीलिंग बहुवचन में।

VASUNDHARAHINDI.COM

5. या से जुड़ा विभक्ति रहित कर्ता की क्रिया अंतिम कर्ता के अनुसार होती है।

    दिल्ली कमला या कमलेश जाएगा।

6. अगर कर्ता अनेक हों और उनका लिंग अलग-अलग हो, तो क्रिया बहुवचन पुल्लिंग में होती है।

    दशहरा मेला देखने स्त्री-पुरुष, बच्चे-बूढ़े, लड़के-लड़कियाँ सब गए थे।

7. यदि एक से अधिक कर्ता अलग-अलग लिंग के हो, तो उसका क्रम कुछ इस प्रकार होता है तथा क्रिया अंतिम कर्ता के अनुसार बहुवचन में होती है। पहले मध्य पुरुष - तुम, फिर अन्य पुरुष तथा अंत में उत्तम पुरुष - मैं आता है।

    तुम, तुम्हारे पिता और हम औरतें मथुरा जाएँगी।

8. यदि कर्ता का लिंग अज्ञात हो, तो क्रिया पुल्लिंग में होती है।

    देखो! दरवाजे पर कौन खड़ा है?

9. आदर प्रकट करने के लिए कर्ता एकवचन में होने पर भी क्रिया बहुवचन में होती है।

    गांधी जी देश के राष्ट्रपिता हैं।

    गांधी जी - कर्ता, एकवचन में,  हैं - क्रिया, बहुवचन में।

10. आँसू, बाल, प्राण, बूंद, दाम आदि के लिए क्रिया बहुवचन में होती है।

    गीता के बाल झड़ते हैं।

    झड़ते हैं - क्रिया, बहुवचन में।

VASUNDHARAHINDI.COM

11. विशेषण का लिंग विशेष्य के अनुसार होता है।

अच्छा लड़का

लड़का - विशेष्य, अच्छा - विशेषण

12. सर्वनाम का लिंग संज्ञा के लिंग के अनुसार होता है।

वह (रेखा) नाच व गा रही है।

VASUNDHARAHINDI.COM

**अभ्यास**

1) अशुद्ध वाक्य: मुझे बीस रुपया चाहिए।

शुद्ध वाक्य: मुझे बीस रुपये चाहिए।

2) अशुद्ध वाक्य: लता कितनी मधुर गाती है।

शुद्ध वाक्य: लता कितना मधुर गाती है।

3) अशुद्ध वाक्य: गुफा में बड़ा अंधेरा है।

शुद्ध वाक्य: गुफा में बहुत अंधेरा है।

4) अशुद्ध वाक्य: हमारे से कोई काम नहीं होता।

शुद्ध वाक्य: हमसे कोई काम नहीं होता।

5) अशुद्ध वाक्य: मेरे को मत मारो।

शुद्ध वाक्य: मुझे मत मारो।

6) अशुद्ध वाक्य: वह छत में बैठा है।

शुद्ध वाक्य: वह छत पर बैठा है।

7) अशुद्ध वाक्य: चारों का नाम बताओ।

शुद्ध वाक्य: चारों के नाम बताओ।

8) अशुद्ध वाक्य: वह लोग आ गए हैं।

शुद्ध वाक्य: वे लोग आ गए हैं।

9) अशुद्ध वाक्य: उसका प्राण सूख गया।

शुद्ध वाक्य: उसके प्राण सूख गए।

10) अशुद्ध वाक्य: मुझको भी खाना है।

शुद्ध वाक्य: मुझे भी खाना है।

VASUNDHARAHINDI.COM

11) अशुद्ध वाक्य: तेरे को पिताजी बुलाए हैं।

शुद्ध वाक्य: तुझे पिताजी ने बुलाया है।

12) अशुद्ध वाक्य: कृपया करके ध्यान दो।

शुद्ध वाक्य: कृपा करके ध्यान दो।

13) अशुद्ध वाक्य: उसने संतोष का साँस लिया।

शुद्ध वाक्य: उसने संतोष की साँस ली।

14) अशुद्ध वाक्य: मोहन के माताजी अस्वस्थ हैं।

शुद्ध वाक्य: मोहन की माताजी अस्वस्थ हैं।

15) अशुद्ध वाक्य: मैंने जाना है।

शुद्ध वाक्य: मुझे जाना है।

16) अशुद्ध वाक्य: पुस्तकें ये किसकी हैं?

शुद्ध वाक्य: ये पुस्तकें किसकी हैं?

17) अशुद्ध वाक्य: एक फूलों की माला ले आइए।

शुद्ध वाक्य: फूलों की एक माला ले आइए।

18) अशुद्ध वाक्य: महात्मा गाँधी का देश सदा आभारी रहेगा।

शुद्ध वाक्य: देश महात्मा गाँधी का सदा आभारी रहेगा।

19) अशुद्ध वाक्य: भैंस का ताकतवर दूध होता है।

शुद्ध वाक्य: भैंस का दूध ताकतवर होता है।

20) अशुद्ध वाक्य: एक पानी से भरा लोटा लाओ।

शुद्ध वाक्य: पानी से भरा एक लोटा लाओ।

21) अशुद्ध वाक्य: केवल यहाँ दो पुस्तकें हैं।

शुद्ध वाक्य: यहाँ केवल दो पुस्तकें हैं।

VASUNDHARAHINDI.COM

22) अशुद्ध वाक्य: “गोदान” उपन्यास प्रेमचंद ने लिखा।

शुद्ध वाक्य: प्रेमचंद ने “गोदान” उपन्यास लिखा।

23) अशुद्ध वाक्य: मुझसे जानबूझकर भूल हो गई।

शुद्ध वाक्य: मुझसे अनजाने में भूल हो गई।

24) अशुद्ध वाक्य: मैं सप्रमाण सहित कहता हूँ।

शुद्ध वाक्य: मैं प्रमाण सहित कहता हूँ।

25) अशुद्ध वाक्य: मात्र केवल महिलाओं के लिए।

शुद्ध वाक्य: केवल महिलाओं के लिए।

26) अशुद्ध वाक्य: उसका भाई सेक्रेटरी लगा हुआ है।

शुद्ध वाक्य: उसका भाई सेक्रेटरी है।

27) अशुद्ध वाक्य: चोर को क्षमादान कर दिया गया।

शुद्ध वाक्य: चोर को क्षमा कर दिया गया।

28) अशुद्ध वाक्य: हत्यारे को मृत्युदंड की सजा मिलेगी।

शुद्ध वाक्य: हत्यारे को मृत्युदंड मिलेगा।

29) अशुद्ध वाक्य: ये पंक्तियाँ “पंचवटी” से ली हैं।

शुद्ध वाक्य: ये पंक्तियाँ “पंचवटी” से ली गई हैं।

30) अशुद्ध वाक्य: उसका बहुत भारी सम्मान हुआ।

शुद्ध वाक्य: उसका भारी सम्मान हुआ।

*****

VASUNDHARAHINDI.COM